झारखण्ड सरकार

# कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।
**वन भवन, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम, झारखण्ड-833201**

*Ph. 06582-256366, Mob. – 8987790364, E-mail:- sarandadfo@gmail.com, dfosaranda@jharkhandmail.gov.in*

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांक :– 236 दिनांक:– 25.01.2019

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चाईबासा।

विषय :– मेसर्स रामेश्वर जूट मिल्स, बरायबुरू–टाटीबा लौह एवं मैंगनीज खनन पट्टा क्षेत्र 258.9896 हे0 में से 14.5 हे0 वनभूमि हेतु अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग:– आपका पत्रांक 73 दिनांक 15.01.2019

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मेसर्स रामेश्वर जूट मिल्स, बरायबुरू–टाटीबा लौह एवं मैंगनीज खनन पट्टा क्षेत्र 258.9896 हे0 में से 14.5 हे0 वनभूमि हेतु अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में निदेशानुसार पृच्छित 03 बिन्दुओं का अनुपालन के कम में वन क्षेत्र पदाधिकारी, गुवा प्रक्षेत्र, गुवा के पत्रांक 10 दिनांक 21.01.2019 एवं पत्रांक 13 दिनांक 22.01.2019 द्वारा स्थलीय निरीक्षण संबंधी जाँच प्रतिवेदन भेजा गया है। उक्त जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रस्तावित लीज क्षेत्र में 2.2476 हे0 जंगल–झाड़ी भूमि 25.10.1980 के पूर्व का खण्डित है, जिसमें 07 पीट्स का रकवा 1.7056 हे0 एवं सड़क का रकवा 0.542 हे0 प्रतिवेदित है। स्थलीय निरीक्षण के तथ्यों का विवरण निम्नवत् है:–

1. पूर्व खण्डित पथ जिसका रकवा 0.542 हे0 का प्रयोकता अभिकरण के द्वारा वर्तमान में उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। उक्त पथ को समर्पित नक्शे को हरे रंग में दर्शाया गया है।
2. प्रस्तावित लीज क्षेत्र में 2.2476 हे0 वनभूमि 25.10.1980 के पूर्व खण्डित क्षेत्र है। 2.2476 हे0 में खण्डित क्षेत्र का कुल रकवा 1.7056 हे0 जो अलग–अलग 07 नीट्स में विभक्त है जिसकी विवरणी तथा GPS Co-ordinate निम्नवत् है:–

| Sl.No. | Name of Pits | Latitude | Longitude |
|---|---|---|---|
| 1 | Tatiba East Pit | N 22$^0$ 08' 31.23 | E 85$^0$ 20' 54.33 |
| 2 | Bamia Merum Pit | N 22$^0$ 08' 32.23 | E 85$^0$ 20' 55.33 |
| 3 | Gitty Pit | N 22$^0$ 08' 43.97 | E 85$^0$ 20' 54.54 |
| 4 | Lava Pit | N 22$^0$ 08' 37.26 | E 85$^0$ 20' 56.79 |
| 5 | Adit Pit | N 22$^0$ 08' 43.71 | E 85$^0$ 20' 57.87 |
| 6 | Quarry No. 08 | N 22$^0$ 09' 04.38 | E 85$^0$ 20' 52.50 |
| 7 | Quarry No. 08A | N 22$^0$ 09' 05.21 | E 85$^0$ 20' 53.79 |

स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि उपर वर्णित 07 पीट्स में कोई भी पीट्स में प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा 25.10.1980 के बाद से वर्तमान तक खनन कार्य नहीं किया गया है। उक्त 07 पीट्स का क्षेत्र पुरी तरह घनी झाड़ियों से भरा है जिसका फोटोग्राफ संलग्न किया जा रहा है एवं उल्लेखित सभी पीट्स को मैप में हरे रंग से दर्शाया गया है।

3. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा Road एवं rest shelter हेतु आरक्षित वनभूमि 1.2245 हे0 एवं सुरक्षित वनभूमि 4.2640 हे0 25.10.1980 के पूर्व खण्डित है जो पूर्व के अपयोजन 23.233 हे0 ( Ref. F.No -10(21) 2-2000-FC(pt) dt. 11.12.2009) द्वारा अपयोजित है और इसे 14.50 हे0 वनभूमि के अपयोजन प्रस्ताव में शामिल नही किया गया है। प्रस्तावित क्षेत्र जिसका खनन किया जाना है उस नये पीट्स (जो पुरोन छोटे–छोटे पीट्स को समायोजित करने से बनेंगे) से अयस्क परिवहन पूर्व से खण्डित एवं उपयोग किये जा रहे रोड , जिसका पूर्व में अपयोजन हो चुका है द्वारा ही किया जाएगा। सिर्फ एक सड़क अयस्क परिवहन हेतु 0.18 हे0 ( GPS Co-ordinate N $22^0$ 08’ 25.34 E $85^0$ 20’ 32.30 ) जंगल–झाड़ी भूमि का प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा प्रस्ताव अपयोजन हेतु प्रस्तावित किया गया है। साथ ही, स्थलीय निरीक्षण में यह पाया गया है कि जो रोड वर्तमान में उपयोग किया जा रहा है वह वर्तमान रोड नये प्रस्तावित खनन पीट्स से अयस्क की निकासी हेतु मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए पर्याप्त है। इसके संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा वचनबद्धता भी समर्पित की गई है।

अतः प्रासंगिक पत्र द्वारा पृच्छित 03 बिन्दुओं का Online अनुपालन करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

अनु0–यथोक्त।

आपका विश्वासी,

Rajeev Km

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।

25/01/2019.